RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 11 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 138 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## जी20 समिट को लेकर शरद पवार ने कहा- चांदी-सोने की प्लेटें पहली बार देखी...

# भारत- इंडिया का जिक्र कर सरकार पर कसा तंज !

मुंबई : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने मुंबई में कार्यकताओं से बात करते हुए जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अपने देश में ऐसे सम्मेलनों की मेजबानी करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन चांदी और सोने की प्लेटें पहली बार देखी गईं।



मुंबई में कार्यकताओं ने बात करते शरद पवार ने इंडिया और भारत से जुड़ा विवाद को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, घटना के पहले वाक्य में भारत या इंडिया के बारे में स्पष्टता है। इंडिया की जगह भारत की मांग करने वाले मोदी से अगर हम पूछें कि उन्होंने इंडिया के नाम पर कितनी योजनाएं बनाई हैं। वह भारत नाम से कई योजनाएं लेकर आए। शरद पवार ने कहा कि सुबह जब मैं घर आ रहा था तो सामने एयर इंडिया का डायरेक्शनल बोर्ड लगा हुआ था. वहां गेटवे ऑफ इंडिया लिखा हुआ था. अब गेटवे ऑफ इंडिया को क्या कहें?''

**देश में पहले भी दो बार ऐसे सम्मेलन हो चुके हैं**

जी20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए शरद पवार ने कहा, देश में पहले भी दो बार ऐसे सम्मेलन हो चुके हैं। ऐसा एक बार प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में और एक बार और हुआ था। अब देश में तीसरी बार सम्मेलन हो रहा है। पहले दो सम्मेलनों में भी दुनिया भर से लोग आए थे, लेकिन तब आज जैसा माहौल नहीं था।

**शरद पवार ने कहा, ''महत्वपूर्ण मुद्दों को बिना किसी कारण के भटकाया जा रहा है और गैर-जरूरी मुद्दों को महत्व दिया जा रहा है। यही वर्तमान शासकों का फामूर्ला है। इसीलिए भारत इंडिया का मुद्दा उठाया गया है।**

### मैंने कभी नहीं पढ़ा कि किसी सम्मेलन में चांदी या सोने की थालियां थीं

**शरद पवार ने आगे कहा कि मैंने कभी नहीं पढ़ा कि किसी सम्मेलन में चांदी या सोने की थालियां थीं। हालांकि, मैं इस बात से सहमत हूं कि यहां आने वाले अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। यह इस देश के लिए अहम है, लेकिन इस सम्मेलन का इस्तेमाल बुनियादी मुद्दों की बजाय कुछ खास लोगों की महानता को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कितना उचित है इस पर आज या कल चर्चा होगी। साथ ही, लोग इसके बारे में अपनी राय बनाएंगे।**

## महाराष्ट्र सरकार हिंदयान साइकिल अभियान का समर्थन करेगी



**मुंबई** : महाराष्ट्र सरकार हिंदयान के दूसरे संस्करण का समर्थन करेगी जो 10-18 फरवरी, 2024 तक उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र होते हुए दिल्ली से पुणे तक यात्रा करेगा। सरकार ने मुंबई महानगर और पुणे क्षेत्र के विभिन्न अधिकारियों से आयोजक का समर्थन करने का आग्रह किया है। महाराष्ट्र में, हिंदयान 17 फरवरी को समुद्री लिंक के माध्यम से ठाणे से मुंबई तक यात्रा करेगा। अगले दिन, 18 फरवरी को यह आजाद मैदान मुंबई से पुणे तक जारी रहेगा। दोनों चरण अभियान होंगे न कि प्रतियोगिताएं।

ओलंपिक में पांच विषयों में 22 साइकिलिंग प्रतियोगिताएं होती हैं। साइकिलिंग उन विषयों में से एक है जिसमें सबसे अधिक 66 पदक हैं। हालांकि, भारत में, हम साइकिलिंग को एक खेल के रूप में नहीं देखते हैं। परिणामस्वरूप, एक भी भारतीय साइकिल चालक ने ऐसा नहीं किया है हिंदायन फाउंडेशन के संयोजक विष्णुदास चपके ने कहा, ''पिछले 60 वर्षों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए योग्य हूं।'' चापके, एक पूर्व पत्रकार, पाँच महाद्वीपों (एशिया, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अमेरिका, उत्तरी अमेरिका और यूरोप) के 35 देशों की यात्रा करके पूरे विश्व का चक्कर लगाने वाले पहले और एकमात्र भारतीय हैं।

वास्तव में, 1964 आखिरी ओलंपिक आयोजन था जिसमें चार साइकिल चालकों - अमर सोखी, दलबीर सिंह गिल, चेतन हेरी और अमर बिलिंग ने ओलंपिक में साइकिलिंग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। तब से, कोई भी भारतीय साइकिल चालक योग्य नहीं हुआ है। इसलिए, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अनुरोध किया है कि क्या स्कूली छात्रों को इस कार्यक्रम को देखने का अवसर मिल सकता है। ''इस साल, हमारे पास कोंकण डिवीजन में प्रत्येक 100 किमी की तीन चरण दौड़ हैं। यदि हमें पर्याप्त प्रायोजन मिलता है, तो हम स्टेज दौड़ की संख्या बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। हमने लंबे समय तक चलने वाले अभियानों की भी योजना बनाई - दिल्ली से आगरा और मुंबई से पुणे। युवाओं के बीच साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए, हमने दिल्ली और जयपुर में 25 किमी की जॉय राइड, अहमदाबाद से गांधीनगर और ठाणे से मुंबई तक इंटरसिटी राइड की योजना बनाई है।''

## मुंबई में 2 करोड़ 89 लाख रुपए की धोखाधड़ी




**मुंबई** : मई 2019 में आरोपी दंपत्ति ने उनके कार्यालय में मुलाकात की थी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) लिंक के माध्यम से उनकी कंपनी के लिए एक ट्रॉवेल्स पोर्टल विकसित करने की पेशकश की थी। आरोपी ने इस पोर्टल को तैयार करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के नाम पर से अलग-अलग खाते में कुल 2.89 करोड़ रुपए स्वीकार किया था तथा इस निवेश के बदले एरीज वेकेशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से भारी रिटर्न की पेशकश की थी, लेकिन बाद में वे लोग मुकर गए। आरोप यह भी है कि आरोपियों ने अपने ट्रॉवेल पोर्टल को एपीआई के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल कंपनियों के साथ नहीं जोड़ा था और उनके पास बैंक गारंटी भी नहीं थी। इस प्रकार से उनके साथ व्यापार समझौते का उल्लंघन हुआ है। जैसा कि आरोपी ने समझौते का उल्लंघन करने के बाद जब डिडवाल ने अपने पैसों की मांग किया तो उल्टा धमकी दिया गया कि और पैसे निवेश करना होगा, नहीं तो सारा पैसा डूब जाएगा। आखिरकार डिडवाल को जब एहसास हो गया कि उसके साथ ठगी किया गया है तो उसने एपीएमसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। एपीएमसी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक तनवीर शेख ने कहा कि आईपीसी की धारा 420, 406 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शेख ने आगे बताया कि घनसोली निवासी शिकायतकर्ता सागर वाशी के सेक्टर-19ई में एंबियंस कोर्ट बिल्डिंग में सेवन कॉर्नर टूर्स एंड ट्रॉवल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कार्यालय है.

## ठाणे में 40 मंजिला निमार्णाधीन इमारत की लिफ्ट गिरी 5 मजदूरों की मौत !



**ठाणे** : महाराष्ट्र में ठाणे के बालकुम इलाके रविवार को एक 40 मंजिला निमार्णाधीन इमारत की लिफ्ट गिर गई। इस हादसे में लिफ्ट में बैठे 5 मजदूरों की मौत की खबर है। जानकारी के मुताबिक इस लिफ्ट का उपयोग मजदूरों को बिल्डिंग में ऊपर पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। इस दौरान इसका तार टूट गया। सभी मजदूर यहां वाटर प्रूफिंग का काम करने के लिए आए थे।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : सोमवार 11 सितंबर 2023


## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सरकार की राहत और विपक्ष की घबराहट...

राजनीति भी अजीब है। सरकार कुछ नहीं करती तो उस पर सवाल उठाती है। जब कर डालती है तो भी उठाती है। अब सरकार करे तो क्या करे? वह हाथ पर हाथ धरे तो बैठ नहीं सकती। उसे चलना भी होता है, नहीं तो यह आरोप लगता है कि सरकार चल नहीं रही है। बहरहाल 'महंगाई-महंगाई' की रट लगा रहे लोग उस समय भौंचक रह गए जब सरकार ने एक झटके में भारी राहत दे दी। गैस का गुब्बारा जो आसमान छू रहा था, एकदम से फुस्स होकर जमीन पर आ गिरा। सुनने में आया है कि यह सीधा विपक्ष के ऊपर गिरा है। सरकार की इस उदारता को भी विपक्ष ने अपने ऊपर प्रहार माना। सरकार चाहती तो वह हथौड़ा या बुलडोजर भी उतार सकती थी, पर एक नरम चोट से ही विपक्ष गरम हो गया। इसी वजह से वह चीखने-चिल्लाने लगा है। उसे डर है कि अगर सरकार जनता के लिए उदार साबित हो गई तो उसको 'निर्मम' साबित करना और मुश्किल होगा। राहत के बदले सरकार को तो जनता से उम्मीद है, पर विपक्ष को नहीं। आजकल वैसे भी जनता किसी मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेती। महंगाई में रहते-रहते वह इतना अभ्यस्त हो गई है कि उसे इसके चढ़ने-उतरने का पता ही नहीं चलता। हद तो यह कि विपक्ष 'एका' के गीत गा रहा है और जनता अपने काम में तल्लीन है।

अभी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे तो हो-हल्ला मचा। आगे पता नहीं और क्या-क्या घटने वाला है! विपक्ष को लगता है कि उसकी सीटें घटने वाली हैं। सरकार ने अचानक सत्र बुला लिया है। इसमें भी उसे कुछ घटने की आशंका है। कुछ लोग हवा उड़ा रहे हैं कि सरकार 'एक देश-एक चुनाव' का मसौदा ला रही है। ऐसा हुआ तो कई दल घट जाएंगे। सरकार भी कुछ बता नहीं रही है। वह हवा दे रही है। उसे लगता है यह 'स्कीम' जनता के हित में है। जब हर बार उसे ही जीतना है तो चुनाव बार-बार क्यों हों? इससे विकास कार्यों में बाधा पड़ती है। चुनावों में जो पैसा पानी की तरह बहता है, उसे जनहित में रोकना होगा। वैसे यह खबर सोलह आने सच नहीं है, पर सरकार यह सब सोच सकती है। वह हमेशा दूर की सोचती है। उसे यूं ही 'दूरदर्शी' नहीं कहा जाता! हां, सरकार की निकटदृष्टि कमजोर होती है। पास होती घटनाएं इसीलिए उसे नजर नहीं आतीं। यह दृष्टि का दोष है, सरकार का नहीं।

असल बात तो यह कि खिलाफ पार्टी वाले जनता को लगातार उकसाते हैं। सरकार के नेक कदम की सराहना करने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठाते हैं। टमाटर और गैस के दाम एकदम से कम होने के बाद सरकार का आभार जताना चाहिए था। बजाय इसके यह कहा जा रहा है कि दाम तिगुने करके थोड़ा कम कर दिए तो इसमें खास क्या है! उस पर यह बेहद गंभीर आरोप भी लग रहा है कि वह चुनाव देखकर डर गई है। अव्वल तो सरकार किसी से डरती नहीं है। हां, विपक्ष भले उससे डर रहा हो और चुनावों से भी। इसीलिए आए दिन उसकी बैठकें हो रही हैं। लोग मिल रहे हैं, पर मन नहीं। गठबंधन एक है, पर नेता अनेक हैं। इनमें किसी के पास न तो सरकार जैसी दृष्टि है और न ही सरकार चलाने का बूता। चुनाव बाद आपस में ही मारामारी होगी। लगता है कि सरकार इसी 'हिंसा' को रोकना चाहती है। बार-बार न चुनाव होंगे, न बार-बार जूता-लात होगा। फिर भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

अगर वाकई 'एक देश एक चुनाव' की योजना अमल में आ गई तो इसके क्रांतिकारी नतीजे निकलेंगे। मतदाता को पांच साल में एक बार ही 'प्रसाद' मिलेगा। नेता केवल एक बार 'संकल्प-पत्र' पढ़ेंगे। चुनाव में ड्यूटी लगने पर कर्मचारियों को एक बार ही मेडिकल बनवाना पड़ेगा। सबसे बड़ी राहत सरकार को मिलेगी।

दाम अनेक बार बढ़ा सकेगी, पर मतदाता को 'राहत' एक बार ही

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## बहादुर पुलिसवालों का सम्मान... जान पर खेलकर महिला की बचाई इज्जत और जान



**कल्याण** : डोंबिवली से एक चौकाने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार की रात मंदिर से दर्शन कर घर जा रही महिला का अपहरण कर उसे जान से मारने की धमकी देकर, उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश करने वाले दो शातिर बदमाशों को मानपाड़ा पुलिस ने अपनी जान जोखिम में डालकर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित महिला को बचाने के चक्कर में एक पुलिसकर्मी घायल भी हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, डोंबिवली-पूर्व की रहने वाली एक महिला शुक्रवार की शाम खिड़कालेश्वर मंदिर का दर्शन करने के बाद घर जाने के लिए वह ऑटोरिक्शा पकड़ी, जिसमें पहले से ही एक यात्री सवार था। कुछ दूर जाने के बाद अचानक रिक्शाचालक ने रिक्शे को सुनसान जगह की तरफ मोड़ दिया। शक होने पर महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन बगल में बैठे यात्री ने हथियार दिखाकर महिला को डराया और उसे सुनसान ठिकाने पर ले गया। इस दौरान पेट्रोलिंग पर मौजूद मानपाड़ा थाने के बीट मार्शल सुधीर हसे और अतुल भोई की नजर ऑटोरिक्शा पर पड़ी। दोनों ने ऑटोरिक्शा का पीछा किया। वहां पहुंचने के बाद पुलिसकर्मियों ने देखा कि दोनों आरोपी महिला की इज्जत लूटने की कोशिश कर रहे थे। जब उन्होंने महिला को बचाने की कोशिश किए तो दोनों आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया, जिसमें सुधीर हसे नामक पुलिसकर्मी घायल हो गया, लेकिन इसके बावजूद अपनी जान पर खेल कर पुलिसकर्मियों ने महिला की जान और आबरू की हिफाजत की और दोनों हैवानों के चंगुल से बचाते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी रिक्शाचालक हैं। पुलिस के मुताबिक, एक आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। फिलहाल, दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं और उनसे आगे की पूछताछ की जा रही है। वहीं महिला की जान बचाने वाले पुलिसकर्मी सुधीर हसे और अतुल भोई को उनकी बहादुरी के लिए मानपाड़ा थाने के इंचार्ज सुरेश मदने और राम चोपडे (क्राइम पीआई) ने सम्मान किया और प्रशंसा की।

## मुंब्रा में सातवीं मंजिल के फ्लैट की खिड़की की ग्रिल से गिरकर लड़के की मौत



**ठाणे** : एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठाणे जिले के मुंब्रा में सातवीं मंजिल के फ्लैट से गिरने के बाद शनिवार शाम को एक 5 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि इब्राहिम नाम का लड़का खिड़की की ग्रिल के छेद से गिर गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुंब्रा पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की आगे की जांच जारी है।

## कल्याण में महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो जाती है, पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाया गया



**ठाणे**: महात्मा फुले पुलिस को फोन आया कि कल्याण के स्काईवॉक पर मजदूरी करने वाली सकीना नाम की महिला पेट दर्द से पीड़ित है. इसके बाद दो पुलिसकर्मी स्काईवॉक पर पहुंचे और महिला की तलाश की. दर्द से चिल्ला रही महिला पर पुलिस की नजर पड़ी. पुलिस ने मदद के लिए अन्य महिलाओं को बुलाया और दिलावर को तुरंत स्ट्रेचर लाने का निर्देश दिया. दोस्त दिलावर की मदद से पुलिस स्काईवॉक पर आई और सभी मिलकर महिला को डिलीवरी के लिए रुक्मिणीबाई अस्पताल ले गए। लेकिन ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया. पुलिस ने भी कई बार अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ से अनुरोध किया. अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों की पुलिस से नोकझोंक हुई।

अभद्रतापूर्वक कहा गया कि मरीज को यहां से ले जाओ। इसी बीच जब महिला का प्रसव होने वाला था तो आखिरकार महिला ने अस्पताल के बाहर सड़क पर ही बच्चे को जन्म दे दिया। अंत में, वरिष्ठ पुलिस द्वारा अस्पताल के वरिष्ठों को सूचित करने के बाद, अस्पताल के कर्मचारी महिला को अंदर ले गए, बच्चे की गर्भनाल को काटा और महिला को बच्चे के साथ वेले नगर के प्रसूति केंद्र में भेज दिया। बहरहाल, इस घटना से नगर पालिका की स्वास्थ्य व्यवस्था पर संकट खड़ा हो गया है.

## महाराष्ट्र के पालघर में 94 लाख रुपये का गुटखा जब्त, दो लोग गिरफ्तार



**पालघर** : महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 94 लाख रुपये की कीमत का गुटखा जब्त किया है जो एक प्रतिबंधित उत्पाद है और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस निरीक्षक सतीश शिवरकर ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यहां मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर मनोर में एक कंटेनर ट्रक की तलाशी ली। उन्होंने बताया कि ट्रक के चालक ने फ्लाईओवर के जरिए गुजरात भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने किसी तरह उसे रोक दिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने 168 बोरे में भरा गुटखा जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि ट्रक के चालक और उसके सहायक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। महाराष्ट्र में 2012 से गुटखा और सुगंधित तंबाकू की बिक्री एवं खपत पर प्रतिबंध है। राज्य सरकार ने 2018 में गुटखा की बिक्री को गैर-जमानती अपराध बना दिया और इसके लिए दी जाने वाली सजा को भी छह महीने से बढ़ाकर तीन साल कर दिया।

## उपचुनाव परिणाम : जनता ने केंद्र की तानाशाह सरकार को कर दिया खारिज... NCP नेता सुप्रिया सुले का तंज



**मुंबई** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने छह राज्यों की सात विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आने के बाद शनिवार को कहा कि लोगों ने केंद्र की ''तानाशाह'' सरकार को खारिज कर दिया है। उपचुनावों के शुक्रवार को घोषित परिणामों में, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया में शामिल चार दलों को चार सीट पर जीत मिली है जबकि तीन सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत दर्ज की।

सुले ने कहा कि जनता ने बेरोजगारी और महंगाई को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली (केंद्र) की तानाशाह सरकार को खारिज कर दिया गया है। भाजपा ने त्रिपुरा में दो और उत्तराखंड में एक सीट जीती, जबकि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (सपा) ने क्रमशः केरल, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में एक-एक सीट पर जीत दर्ज की।




# नवविवाहिता के ससुराल वालों द्वारा पहले जबरन गर्भपात, जान लेने की कोशिश



**भिवंडी** : भिवंडी शहर के कामतघर इलाके में एक नवविवाहिता के ससुराल वालों द्वारा पहले जबरन गर्भपात कराया गया, फिर जहर देकर उसकी जान लेने की कोशिश की गई। इस मामले में पीड़ित महिला ने अपने पति समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। नारपोली पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता 21 वर्षीया महिला बुलढाणा जिले के मलकापुर शहर की रहने वाली है, जिसकी शादी वर्ष 2021 में भिवंडी के कामतघर इलाके में हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद पीड़ित महिला गर्भवती हो गई। लेकिन 8 मई से 16 अक्टूबर 2021 के दौरान पीड़ित महिला का पति के साथ छोटे-मोटे विवाद होते थे, जिससे आक्रोशित होकर ससुराल वालों ने विवाहिता का जबरन गर्भपात करा दिया। इतना ही नहीं महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि इसके बाद ससुराल वालों ने साजिश के तहत उसे जान से मारने के इरादे से जबरन जहर पिलाने की कोशिश की, जिसकी जानकारी मिलने पर पीड़ित महिला के माता-पिता उसे अपने घर ले गए, जहां पहुंचकर विवाहिता ने अपनी आपबीती परिजनों को सुनाई। जिसके बाद परिवार वालों ने जून 2021 को बुलढाणा जिले के मलकापुर पुलिस स्टेशन में महिला पति सहित 5 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, बुलढाणा कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि घटना भिवंडी के नारपोली थाना क्षेत्र की है। इसलिए इस मामले को भिवंडी शिफ्ट कर दिया जाय। नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मदन बल्लाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 313, 504, 34 के तहत मामला दर्ज किया है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# बिल्डिंग हादसे में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग...

## ग्राउंड फ्लोर में पावर लूम कंपनी के कारण घटना की आशंका।।

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : भिवंडी मनपा के प्रभाग समिति नंबर 4 के साहिल होटल के पास बारी बिल्डिंग हादसे के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्वाई करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है । मनपा आयुक्त को लिखित पत्र दे कर की बहुजन समाज पार्टी के शहर अध्यक्ष नसीम अहमद शेख ने बिल्डिंग की घटना पावर लूम कंपनी के कारण होने की आशंका जताते हुए इस में लिप्त मनपा अधिकारीयों सहित पावरलूम मालिक के खिलाफ कड़ी कारवाई और अतिधोकादायक इमारतों पर कारवाई व स्ट्रेकचर ऑडिट रिपोर्ट की सही जांच के लिए विशेष समिति का गठन करने की मांग की है ।



बहुजन समाज पार्टी के भिवंडी शहर अध्यक्ष नसीम अहमद शेख ने पत्र के माध्यम से मनपा से मांग की है के तीन वर्ष पूर्व भिवंडी मनपा के प्रभाग समिति तीन के अंतर्गत धामनकर नाका स्थित जिलानी बिल्डिंग हादसा हुआ था जिसमें करीब 39 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। इस प्रकरण में बिल्डिंग हादसे के जिम्मेदारों के विरुद्ध संबंधित पुलिस स्टेशन नारपोली में बिल्डर मुख्तार फंडोले, सहायक आयुक्त सुदाम जाधव, बीट निरीक्षक सुनील वगाड और क्लार्क प्रफुल्ल तांबे के खिलाफ भारतीय डंड सहिता की धारा 302 (2), 337, 338 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

परंतु ठीक उसी तरह हुए बारी बिल्डिंग हादसे के दोषियों के खिलाफ अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। जबकि इस इमारत के गिरने की वजह भी बिल्डिंग में चल रहे पावर लूम कंपनी को बताया जाता है। नसीम शेख ने अपने ज्ञापन में मनपा आयुक्त से कहा की यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भिवंडी में कई इमारतें उच्च जोखिम में हैं लेकिन हम उन्हें केवल संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर वर्गीकृत कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए एक तकनीकी सलाहकार समिति का गठन करना आवश्यक है साथ ही संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट वैध है या नहीं और उक्त समिति की रिपोर्ट के अनुसार हम इमारत को वर्गीकृत कर सकते हैं और उसके खिलाफ उचित कार्वाई कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। क्योंकि संबंधित अधिकारी केवल नगर रचना विभाग के अभियंता से फीडबैक लेने के बाद आगे की कार्वाई कर रहे है। जो बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना है।

बहुजन समाज पार्टी के शहर अध्यक्ष नसीम अहमद शेख ने मनपा आयुक्त अजय वैद्य से अनुरोध कर मांग की है की इस तरह के मामलों में भिवंडी मनपा के विभिन्न वार्ड समितियों के पतन की रिपोर्ट संबंधित वार्ड समिति से मांगी जानी चाहिए और संबंधित अधिकारियों और बिल्डरों व मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने का आदेश दिया जाना चाहिए।

# शिक्षिका के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज




**नवी मुंबई** : नवी मुंबई में एक शिक्षिका के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप में एक कोचिंग क्लास के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर एमआईडीसी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध) और धारा 504 के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि महिला ने अपनी शिकायत में दावा किया कि आरोपी ने उसे अपनी कोचिंग क्लास में नौकरी और 50 प्रतिशत की साझेदारी की पेशकश की थी।

# राकांपा में कोई गुट नहीं, केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए कुछ लोग दलबदल कर रहे हैं: पवार



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दिग्गज नेता शरद पवार ने शनिवार को कहा कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास दायर याचिकाओं में उन्होंने दावा किया है कि उनकी पार्टी के भीतर केवल कुछ ''शरारती व्यक्तियों'' को छोड़कर ''कोई गुट'' नहीं है। अपनी ''व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं'' के लिए राकांपा से। शरद पवार स्पष्ट रूप से अपने भतीजे अजीत पवार का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने 30 से अधिक विधायकों और एक लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों के साथ भाजपा से हाथ मिलाया और एनडीए का हिस्सा बन गए। अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया, जबकि आठ एनसीपी विधायकों को राज्य मंत्री के रूप में शामिल किया गया। इससे राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भी लड़ाई शुरू हो गई क्योंकि शरद और अजीत पवार दोनों ने खुद को ''असली प्रमुख'' कहा। शरद पवार गुट ने कहा, ''हमने अजीत पवार के बार-बार आने वाले विरोधाभासी रुख को स्थापित किया है और उन्होंने बिना किसी कानूनी या भौतिक आधार के, ईसीआई के समक्ष दावा कैसे किया है।'' इसमें कहा गया है, ''हमने ईसीआई को सूचित किया है कि पार्टी के भीतर कोई विवाद नहीं है और कुछ शरारती व्यक्तियों को छोड़कर, जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए पार्टी से अलग हो गए हैं।''

सूत्रों ने कहा कि शरद अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं और इसे वही रखेंगे। ''पार्टी ने पहले ही विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अयोग्यता याचिका दायर कर दी है। हमने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विभाजन से बहुत कुछ सीखा। अजित को यह साबित करना होगा कि उन्हें राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कैसे चुना गया और इसका कानूनी आधार क्या है,'' राकांपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा। ''अजित पवार और उनके साथ रहने वाले अन्य लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। हमें विश्वास है कि चुनाव आयोग का फैसला हमारी तरफ से होगा।'' अजित पवार के पक्ष में खड़े राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि शरद पवार के भतीजे को बड़ी संख्या में विधायकों और जिला अध्यक्ष का समर्थन प्राप्त है। पार्टी। लोकतंत्र में संख्या मायने रखती है, इसलिए हमारी ही असली एनसीपी है।' हम अपना रुख साबित करेंगे।'' अजित पवार ने चुनाव आयोग में याचिका दायर कर दावा किया है कि उन्हें एनसीपी विधायकों का बड़ा समर्थन प्राप्त है और चुनाव चिन्ह उनके गुट का है।

# सड़क पर गंदगी करनेवाले को स्वछता का पाठ

**ठाणे** : ठाणे मनपा विद्यालयों के विद्यार्थी अब जनता सहित अपने पिता तक को ज्ञान देने का कार्य करनेवाले हैं। दरअसल, ठाणे मनपा के 'लेट्स चेंज' उपक्रम में ३५ हजार विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। ये विद्यार्थी अपने पिता और अपने परिवारसहित सड़क पर गंदगी करनेवाले आम लोगों को स्वछता का पाठ पढ़ाएंगे। ठाणे मनपा शिक्षण विभाग ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। बता दें कि ठाणे शहर में गंदगी के भंडार से ठाणे शहर की सुंदरता कहीं खोती सी जा रही है। ठाणे मनपा लगातार शहर को सुंदर बनाने की कोशिश करती है लेकिन लगातार असफल होती नजर आ रही है। ठाणे मनपा ने एक बार फिर ठाणे शहर को स्वच्छ बनाने के लिए मनपा विद्यालयों में पढ़नेवाले विद्यार्थियों की मदद लेने का निर्णय लिया है और ठाणे शहर में 'लेट्स चेंज उपक्रम' चलाने का निर्णय लिया है। ठाणे मनपा शिक्षण विभाग उपायुक्त उमाकांत गायकवाड़ ने बताया कि इसके लिए छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को




स्वच्छता के बारे में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके अनुसार विद्यार्थियों के माध्यम से सड़क व घरों के साथ ही आसपास के क्षेत्र में जनजागरूकता फैलाई जा रही है।

**क्या करेंगे विद्यार्थी?**

ठाणे मनपा विद्यालय के विद्यार्थी स्कूल जाने और घर आने तक सड़क पर गंदगी करनेवाले आम नागरिकों और अपने परिवार के लोगों को प्यार से स्वछता का पाठ पढ़ाएंगे। बच्चों द्वारा बताने पर किसी भी उम्र के लोग शर्मिंदा होंगे और गंदगी करने से बेचेंगे। इस अभियान में ठाणे मनपा के १०८ प्राथमिक स्कूलों और २३ माध्यमिक स्कूलों सहित १३१ स्कूलों में पढ़नेवाले विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।




# येलो गेट पुलिस को सीआईएसएफ जवान के जिंदा कारतूस और मैगजीन मिली, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** येलो गेट पुलिस ने 24 घंटे के अंदर राइफल के जिंदा कारतूस और मैगजीन बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. शनिवार रात ऑरेंज गेट पर गश्त पर निकले सीआईएसएफ जवान की मैगजीन और जिंदा कारतूस गायब हो गए। आरोपियों की पहचान गौरेश वागल (27), श्रेयस चुरी (25) और अभिषेक मनगांवकर (24) के रूप में हुई। 9 सितंबर को दोपहर 1.55 बजे एक ग्रे-सिल्वर रंग की कार डिमोलो रोड से मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के ऑरेंज गेट की ओर आई। सीआईएसएफ के एक जवान ने एक अज्ञात वाहन को रोकने का प्रयास किया, जिसने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। इस अफरा-तफरी में गोलियों से भरी उनकी मैगजीन गाड़ी के अंदर गिर गई. हालांकि कार गेट पर नहीं रुकी और तेजी से अंदर घुस गई, आईपीसी अधिनियम की धारा 279 (रैश ड्राइविंग), 336 (जीवन को खतरे में डालने वाला कार्य), 447 (अतिक्रमण), और 403 (संपत्ति का बेईमानी से दुरुपयोग) के तहत तुरंत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने 20 जिंदा कारतूस जब्त किये येलो गेट पुलिस ने तुरंत जांच अभियान शुरू किया और सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे पता चला कि कार एक स्विफ्ट डिजायर थी जिसका पंजीकरण नंबर टल्01-उऊ1766 था। पुलिस ने एक इंसास राइफल के 20 जिंदा कारतूस और एक राइफल मैगजीन जब्त की है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''आरोपियों का कोई आपराधिक इरादा नहीं था, उन्होंने सीआईएसएफ जवान को जवाब नहीं दिया या सुरक्षा जांच के लिए कार नहीं रोकी। हो सकता है कि उनका रास्ता गलत हो।'' पुलिस इंस्पेक्टर सुशांत सावंत ने सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया.

# फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा जी20 सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा का मंच नहीं... इसका फोकस अर्थव्यवस्था पर

**नई दिल्ली:** जी20 शिखर सम्मेलन में अपनाए गए दिल्ली घोषणा में यूक्रेन संघर्ष को कूटनीतिक शब्दजाल में 'हल्का' कर दिए जाने पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने रविवार को कहा कि यह समूह राजनीतिक चर्चा का मंच नहीं है। हालाँकि, उन्होंने कहा कि जी20 के अधिकांश देशों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की। दोपहर के भोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद बोलते हुए, मैक्रॉन ने यूक्रेन संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि जी20 को इन मुद्दों पर नहीं फंसना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति के लिए प्रतिबद्ध है। मैक्रॉन ने कहा कि शिखर सम्मेलन में राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को बनाए रखने के बारे में बात की गई। उन्होंने कहा, ''जी20 शिखर सम्मेलन ने एकता का संदेश दिया है।'' मैक्रॉन ने कहा, ''इस मंच का मुख्य काम अर्थव्यवस्था और वैश्विक




मामलों पर समन्वय है; स्थिरता, सुरक्षा और शांति नहीं। अगर हम एक या दो विषयों पर असहमत हैं तो हमें सब कुछ बंद नहीं करना चाहिए। (रूस के) राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन यहां इसलिए नहीं आये क्योंकि हममें से कई ने उन पर प्रतिबंध लगा रखा है, और उचित कारणों से। मुझे लगता है कि जो हो रहा है वह बहुत गंभीर है और हर किसी के लिए चिंताजनक है।'' मैक्रॉन ने भारत की अध्यक्षता की सराहना करते हुए कहा कि मौजूदा खंडित माहौल को देखते हुए भारत ने जी20 अध्यक्ष के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे (भारत-फ्रांस) के बीच एक मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी है। हमारे बीच बहुत मजबूत रक्षा साझेदारी थी और हमने इस साझेदारी को मजबूत किया है - खासकर पिछले दो वर्षों के दौरान। हमारे बैस्टिल दिवस के दौरान आपके प्रधानमंत्री की यात्रा, एक महत्वपूर्ण क्षण था। फ्रांसीसी लोग बहुत गौरवान्वित थे और उन्होंने आपके देश के प्रति मित्रता और सम्मान महसूस किया। हम रक्षा सहयोग में आगे बढ़ेंगे, हम आने वाले दिनों में अपने रक्षा रोडमैप के सभी अलग-अलग हिस्सों, अतिरिक्त अनुबंधों और खरीदों को मूर्त रूप देंगे।'' अगले महीने होने वाली अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक समूह की आगामी वार्षिक बैठकों पर, मैक्रॉन ने कहा, ''आईएमएफ के बाद, जब अफ्रीकी देशों के ऋण के पुनर्गठन की बात आती है तो हम उभरते देशों द्वारा कुछ बड़ी प्रतिबद्धताओं की उम्मीद करते हैं। हम और अधिक करने के लिए तैयार हैं, और हमने आज यह कहा। तो यह वही एजेंडा है, दुनिया भर में अधिक वित्तपोषण, जुटाना। फ्रांस ने अपनी प्रतिबद्धताओं को उन्नत किया और हम विकास परियोजनाओं के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.5 प्रतिशत आवंटित करने तक पहुंच गए। हम चाहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसा ही हो।

''और यही कारण है कि हम आईएफएडी - कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष - की पुनःपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक दिसंबर में होगी।'' मोदी ने मैक्रॉन से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया, ''राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ दोपहर के भोजन के दौरान एक बहुत ही सार्थक बैठक हुई। हमने कई विषयों पर चर्चा की और यह सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं कि भारत-फ्रांस संबंध प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुए।''

# महाराष्ट्र / १६ विधायकों पर अयोग्यता की तलवार!



**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित गुट के १६ विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटक गई है, इसे लेकर १४ सितंबर से विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से सुनवाई होगी। महाराष्ट्र में सत्ता संघर्ष के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक खंडपीठ ने विधायकों के अयोग्यता पर फैसला लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है। इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने आगे की कार्रवाई के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के साथ ही घाती गुट के विधायकों को सुनवाई का नोटिस भेजकर उन्हें १४ सितंबर को विधानमंडल में प्रत्यक्ष उपस्थित रहकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। इससे पहले विधायकों की अयोग्यता के संबंध में लिखित स्वरूप में पक्ष रखने का अवसर दिया गया था। उसके तहत दोनों पक्षों के सदस्यों द्वारा लिखित स्वरूप में पक्ष रखा गया है। उसी आधार पर विधानमंडल सचिवालय में दायर याचिका पर अब प्रत्यक्ष सुनवाई होगी। सुनवाई में क्या पैठसला होता है, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

**होगी मैराथन सुनवाई**

शिवसेना छोड़कर घाती गुट में शामिल हुए विधायकों पर अयोग्यता की कार्रवाई करने को लेकर दायर सभी याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक साथ सुनवाई होगी। विधानमंडल के मध्यवर्ती सभागृह में विधानसभा शिवसेना विधायक के रूप में पंजीकृत विधानसभा के ५४ विधायकों की मैराथन सुनवाई होगी।

**प्रस्तुत करने होंगे साक्ष्य**

- प्रत्येक याचिका पर अलग-अलग सुनवाई होगी और करीब ३४ याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष सुनवाई होगी।

- विधायक अयोग्यता के संबंध में बहस और प्रतिवाद करते समय विधायकों को सबूत पेश करते हुए मत रखने का मौका दिया जाएगा।

- विधायकों को सुनवाई के दौरान सभी साक्ष्य पेश करने होंगे। साथ ही अयोग्यता की कार्रवाई से बचने के लिए भी तर्क देना होगा।

# DRI ने मुंबई ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर लगभग 32.31 करोड़ रुपये की सुपारी जब्त की

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) मुंबई ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर लगभग 32.31 करोड़ रुपये की सुपारी जब्त की है। खुफिया जानकारी के आधार पर, इनलैंड कंटेनर डिपो तालेगांव के लिए भेजे गए 14 कंटेनरों (40 फीट) को डीआरआई मुंबई ने 31 अगस्त को जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर इस संदेह पर रोक लिया था कि उनमें सुपारी हो सकती है। कंटेनरों को भीतरी इलाकों में उक्त शुष्क बंदरगाह पर ले जाने से पहले जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट बंदरगाह पर रोक दिया गया था, क्योंकि यह संदेह था कि माल को चोरी किया जा सकता था या रास्ते में बदला जा सकता था।

आयात घोषणापत्र विवरण और लदान बिल में की गई घोषणा के अनुसार, कंटेनरों को 'कैल्शियम नाइट्रेट' ले जाना था। हालाँकि, जांच से पता चला कि यह बेशर्म गलत



घोषणा का मामला था और सभी 14 कंटेनरों में सुपारी थी जिसे कैल्शियम नाइट्रेट की आड़ में भारत में तस्करी की जा रही थी। सरकार ने देश में आयातित सुपारी पर प्रति मीट्रिक टन 10379 अमेरिकी डॉलर का टैरिफ मूल्य लगाया है। 371090 किलोग्राम (371टळ) सुपारी की पूरी खेप, जिसकी कीमत 32.31 करोड़ रुपये (लगभग) है, जब्त कर ली गई। विभाजित रूप में सुपारी पर मूल्य का 110 प्रतिशत की प्रभावी सीमा शुल्क दर लगती है। इसलिए, इस मामले में गलत घोषणा के माध्यम से शुल्क चोरी का प्रयास लगभग 36 करोड़ रुपये था।

# 2 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार



**नई दिल्ली :** पुलिस ने रविवार को कहा कि गुवाहाटी में 2 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन रखने के आरोप में कम से कम चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बसिष्ठा पुलिस स्टेशन के तहत जोराबाट चौकी की एक टीम ने गुवाहाटी शहर के पूर्वी प्रवेश बिंदु पर एक चेक-पोस्ट स्थापित की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान रविवार तड़के एक कार से 251.2 ग्राम हेरोइन जब्त की गई और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, छह मोबाइल फोन और 1.16 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए, उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com